an>

Title: Need to set up post offices in places not having postal facilities in Bardoli parliamentary constituency, Gujarat.

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदोली)ः मेरे लोक सभा क्षेत्र बारादोली जिला सूरत गुजरात में भारत सरकार का एक उपक्रम डाक विभाग के बारदोली डिवीजन में 58 पोस्ट ऑफिस में फिक्स डिपॉजिट, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट, विधवा पेंशन, मनरेगा पेमेंट, वृद्ध पेंशन और सरकारी सहायता की मनी आर्डर की सुविधा प्रदान की जाती है। वृद्धजनों को सरकारी सहायता और मनीआर्डर का भुगतान इस डाक विभाग के कर्मचारियों द्वारा उनके घर पर ही प्रदान किया जाता है। बारदोली डिवीजन में अभी 70 क्लर्क की पोस्ट लंबे समय से रिक्त है, इनकी वजह से ग्रामीण जनता को तथा वृद्धजनों को सुविधा प्रदान करने में बहुत ही परेशानी हो रही है। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से इनकी जल्द से जल्द भर्ती की मांग करता हूँ।

मेरे लोक सभा क्षेत्र बारदोली में बारदोली, कडोदा, ओरन, उकाई, कुकार्मुन्दा, उच्छल और रानिअस्बा इन 7 जगह पर डाक विभाग की खुद की जमीन उपलब्ध है। इन जगहों पर जल्द से पोस्ट ऑफिस का खुद का भवन बनाने के लिए माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ, ताकि ग्रामीण जनता को तथा वृद्धजनों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा प्रदान की जा सके।